प्रेस नोट

27.08.2019

महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु केंद्रीय सेक्टर छात्रवृत्ति योजना
उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित (मा॰स॰वि॰म॰)

शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए "महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु केंद्रीय सेक्टर छात्रवृत्ति योजना" के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन नेशनल स्कॉलर्शिप पोर्टल (http://scholarships.gov.in) पर निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार उपलब्ध है:

1.	आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि	31.10.2019
2.	संस्थानों द्वारा आवेदनों के सत्यापन की अंतिम तिथि	15.11.2019
3.	राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा आवेदनों के सत्यापन की अंतिम तिथि	30.11.2019

उपर्युक्त के संदर्भ में, सभी विद्यार्थियों जिन्होंने वर्ष 2018 के लिए, 2017 के प्रथम नवीकरण, 2016 के द्वितीय नवीकरण तथा 2015 के तृतीय नवीकरण हेतु नेशनल स्कॉलर्शिप पोर्टल पर आवेदन किया था और छात्रवृत्ति प्राप्त की हो/ प्राप्त करना शेष है, व ऐसे विद्यार्थी जो संबंधित बोर्डों के शीर्ष 20 शतमक में हो और 2019 की नई छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करना चाहते है, को नई तथा संबंधित नवीकरण छात्रवृत्ति के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर **अंतिम तिथि (31.10.2019)** तक या पहले ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी जाती है।

सभी उम्मीदवारों को अनुबंधित समय के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने तथा संस्थानों (यदि अपेक्षित हो तो संस्थान को मूल दस्तावेज़ दिखाएँ) द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन सत्यापित कराने की सलाह दी जाती है अन्यथा आवेदन अमान्य माना जाएगा।

छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपलोड की गई उपर्युक्त योजना के दिशानिर्देशों को पढ़ने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी प्रश्न हेतु, विद्यार्थियों को संबंधित राज्य शिक्षा बोर्ड के नोडल अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी जाती है जो उच्च शिक्षा विभाग (सीएसएसएस), नोडल अधिकारी, 'सेवाएँ' के अंतर्गत राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के होम पेज पर प्रदान की गई है।

सचिव

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
"Shiksha Kendra", 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi - 110 092
फोन / Telephone : +91-11-22509256, 22509257 वेबसाइट/Website: www.cbse.nic.in